बिरज में हल्ला | by Toshi Kaur

सारे बिरज में मच गया हल्ला जन्मे कृष्ण कन्हाई हैं
आज खुशी में बाँट रहे नन्द बाबा खूब बधाई है
सारे बिरज में ....

धूम मची गोकुल नगरी में, अजब नशा सा छाया है
जग का पालनहारा देखो ब्रज भूमि पे आया है
ढोल नगाड़ा बज रहा जमकर, नाचे लोग लुगाई है
सारे बिरज में ....

मैया यशोदा लल्ला को बांहो का झूला झूला रही
मीठी मीठी गा के लोरियां लल्ला को अपने सुला रही
तेरी माँ कहलाऊँ कन्हैया किस्मत अच्छी पायी है
सारे बिरज में ....

आओ री सब सखियां आओ, लेने बलाएं लल्ला की
वारि जाएँ बधाई गायें, नज़र उतारें लल्ला की
मैंया यशोदा ने कुंदन संग सखियों को आवाज़ लगाई है
सारे बिरज में ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%9c-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-toshi-kaur/